## श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही :–

390
28/11/14

**उपस्थितिः– यथा पंजी में संधारित**

दिनांक 11.11.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर राज्य स्तरीय बैठक में रहने के कारण उनका प्रतिनिधित्व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सा0) द्वारा किया गया।

कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादनः– जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए फसल स्थिति की जानकारी लिये जाने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नियमित वर्षा होते रहने से इस वर्ष खरीफ फसलों विशेषकर धान की स्थिति अच्छी रही है जिसकी कटाई प्रारम्भ है और अब पानी की आवश्यकता नहीं है। रबी फसलों की बुआई भी प्रारंभ हो गई है जिसका आच्छादन निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | फसल का नाम | लक्ष्य हे0 | आच्छादन (हे0) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेहूँ | 24000 | 4000 | 16.66% |
| 2 | मक्का | 3000 | 150 | 5% |
| 3 | चना | 1000 | 650 | 65% |
| 4 | मसूर | 1500 | 380 | 25.33% |
| 5 | मटर | 500 | 180 | 36% |
| 6 | अन्य दलहन | 500 | 150 | 30% |
| 7 | राई/ सरसों | 500 | 380 | 76% |
| 8 | तीसी | 800 | 270 | 33.75% |
| 9 | सूर्यमुखी | 320 | 0 | 0% |
| योग | | 32000 | 6160 | 19.25 % |

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :– उर्वरक की स्थिति की समीक्षा में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु मुंगेर जिला को यूरिया 7400 डी0ए0पी0, 2500, एन0पी0के0 800, एम0ओ0पी0 1100 एवं एस0एस0पी0 2000 मै0 टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरूद्ध अक्टूबर माह में अभी तक यूरिया–1040 डी0ए0पी0–50 एन0पी0के0–00 एम0ओ0पी0–25 एस0एस0पी0–00 मी0 टन प्राप्त हुआ है। जिसका निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करते हुए गुणवत्ता जाँच हेतु नमूना लिया जा रहा है अभी इस समय उर्वरक की कोई कमी नहीं है, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करते हुए मूल्य पर

नियंत्रण एवं अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

**(iii) कृषि यांत्रिकरण** :– अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों हेतु इस वर्ष ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने का निर्देश है जिसके विरूद्ध अभी तक 849 आवेदन ऑनलाईन हुआ है। उक्त आवेदनों की जाँच के साथ स्वीकृतादेश निर्गत करने की कार्रवाई हो रही है जिसे आगामी मेला में लाभ दिया जाना है। नवम्बर माह का मेला दिनांक 13 एवं 14 नवम्बर 2014 को प्रस्तावित हैं किन्तु रबी महोत्सव के प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम एवं माननीय भूतपूर्व मुख्यमंत्री बिहार सरकार का दिनांक– 19.11.2014 को जिले में संपर्क यात्रा को देखते हुए दिनांक–24 एवं 25 नवम्बर 2014 को स्थानीय पोलो मैदान मुंगेर में मेला आयोजन निर्धारित करते हुए विभाग को संसूचित किया गया है। 10000 एवं 10000 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु एल0पी0सी0 अनिवार्य किया गया है जो बहुत से किसानों के पास नहीं रहने से आवेदन की गति अच्छी नहीं हो पा रही है।

**(iv) मिट्टी जाँच अभियान** :– मिट्टी जाँच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभी तक–3571 मिट्टी नमूनों का विश्लेषण हुआ है जिसके स्वायल हेल्थ कार्ड हेतु प्रतिवेदन ऑनलाइन कराया जाना है किन्तु कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं रहने से उक्त कार्य अभी नहीं हो रहा हैं।

**(v) डीजल अनुदान** :– डीजल अनुदान की समीक्षा में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि ह0 खड़गपुर के अलावा सभी प्रखंडों में प्रथम चरण का वितरण पूर्ण हो चुका है। ह0 खड़गपुर में कोषगार से 17,81,700 रू0 की निकासी की गई है, परंतु दिनांक 10.11.2014 तक केवल 6,03,225/– रूपया ही वितरण हो पाया है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा ह0 खड़गपुर के संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। कुछ प्रखंडों द्वारा अतिरिक्त आवंटन की मांग के संबंध में पूछने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया की बरियारपुर 4,25,450/–, असरगंज 5,42,625/–, जमालपुर 2,72,024/– एवं तारापुर द्वारा 8,56,995/–. रूपया अतिरिक्त आवंटन की अधियाचना दी गई है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य शेष प्रखंडों में डीजल अनुदान वितरण के पश्चात जो शेष राशि बची है को प्रत्यार्पित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन अगले बैठक में लाने का निर्देश दिया गया।

1. उद्यान :– सहायक निदेशक उद्यान के द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी योजना 2014–15 के अंतर्गत पपीता का बीज नर्सरी में डाला गया है एवं पौधा तैयार होने पर चयनित कृषकों के बीच वितरण किया जाएगा।
2. मत्स्य :– जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया की ह0 खड़गपुर प्रखंड के गावीपुर ग्राम में उपस्थित पौखर की बंदोवस्ती नहीं हो पा रही है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी से बात कर पौखर की समस्या का शीघ्र निदान करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, सहकारिता आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वासभाजन, |
| जिला कृषि पदाधिकारी –सह–सदस्य सचिव मुंगेर। | उपविकास आयुक्त, –सह– उपाध्यक्ष मुंगेर। | जिला पदाधिकारी, –सह– अध्यक्ष मुंगेर। |

ज्ञापांक: 1508 / कृषि / मुंगेर दिनांक – 18.11.14

प्रतिलिपि:– सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर / तारापुर / ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक: 1508 / कृषि / मुंगेर, दिनांक– 18.11.14

प्रतिलिपि:– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक: 1508 / कृषि / मुंगेर, दिनांक– 18.11.14

प्रतिलिपि:– निदेशक पी0पी0एम0 / कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक: 1508 / कृषि / मुंगेर, दिनांक– 18.11.14

प्रतिलिपि:– प्रधान सचिव / कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।